वाराणसेय संस्कृत संस्थान ग्रन्थमाला

श्रीकेशवदैवज्ञविरचिता

जातकपद्धतिः

सान्वयव्याख्योदाहरणहिन्दीटीकया विभूषिता

सम्पादकः

आचार्य चन्द्रमापाण्डेयः, ज्योतिषशास्त्राचार्यः,

लब्धस्वर्णपदकः, विश्वपञ्चाङ्गसहायकः, ज्योतिषविभागः,

प्राच्यविद्याधर्मविज्ञानसंकायः काशीहिन्दूविश्वविद्यालयः

भूतपूर्व-ज्योतिषविभागाध्यक्षः,

श्रीमाथुरचतुर्वेदसंस्कृतमहाविद्यालयः, मथुरा

प्रकाशकः

वाराणसेय संस्कृत संस्थानम्

जगतगंज, वाराणसी

विषयानुक्रमणिका

मुखपृष्ठ		१
विषयानुक्रमणिका		२-३
मङ्गलाचरणं लग्नसप्तमलग्नानयञ्च	१	४-२६
नतोन्नतसाधनपूर्वकं दशमचतुर्थभावयो: साधनम्	२	२६-३०
अवशिष्टभावसन्ध्यानयननम्	३	३०-३५
ग्रहाणां दृष्टिसाधनम्	४	३५-७३
ग्रहाणामुच्चबलं सप्तवर्गजबलञ्च	५	७४-९२
युग्मायुग्मराशिनवांशबलं केन्द्रादिबलञ्च	६	९३-९६
ग्रहाणां दिग्बलं कालबलसाधनञ्च	७	९६-१००
पक्षबलं त्र्यंशबलं वर्षेशादिबलसाधनञ्च	८	१००-१०५
अथायनबलसाधनम्	९	१०५-११०
ग्रहाणां चेष्टाबलं नैसर्गिकबलञ्च	१०	११०-११७
अथ युद्धादिबलम्	११	११७-१२२
अथ भावानां त्रिविधबलम्	११	१२२-१२५
अथचन्द्रार्कयोश्चेष्टाबलम्	१२	१२५-१२७
अथ इष्टकष्टसाधनम्	१३	१२७-१३५
अथसप्तवर्गेष्टकष्टसाधनम्	१४-१५	१३६-१५०
योगजामितायुर्दायोदाहरणमंशायु:		
साधनार्थं चेष्टागुणकादिसाधनम्	१६	१५०-१५३
अथाश्रयगुणकसाधनम्	१७	१५३-१५७
आश्रयगुणसंस्कारविशेषं कर्मयोग्यगुणक		
मंशायुर्दायोपयोगिनो दायांशादिसाधनम्	१८	१५७-१६०
अथचक्रार्धहानिकथनम्	१९	१६०-१६३
अथवर्षाद्यंशायु: साधनम्	२०	१६३-१६६
पिण्डनिसर्गजीवशर्मायुर्दायोपयोगिदायांशसाधनम्	२१	१६७-१६९
लग्ने पापग्रहे हानिकथनम्	२२	१६९-१७१

पिण्डनिसर्गजीवशर्मायुर्वर्षाद्यानयनम्	२३	१७१-१७५
लग्नायुरानयननम्	२४	१७५-१७६
चतुर्णमायुषां कतमं ग्राह्यमितिकथनम्	२५	१७६-१७८
हीनबलत्वादिलक्षणं तथांशायुषो बहुसम्मतत्वं केषामिदमायुर्घटत इति कथनम्	२६	१७८-१७९
शिष्यसन्देहनिराकरणम्	२७	१७९-१८०
मनुष्याणां परमायुः कथनं मनुष्येतराणामायुरानयनम्	२८	१८०-१८१
दशास्वरूपं शुभाशुभफलञ्च	२९	१८१-१८२
दशाक्रमकथनम्	३०	१८२-१८३
दशाक्रमबलं रिष्टकररिष्टहरबलञ्च	३१	१८४-१८५
रिष्टकररिष्टहरबलयोः र्बलसाम्ये निर्णयम्	३२	१८६
अथान्तर्दशाक्रमकथनम्	३३	१८७-१८८
अथ विदशादिकथनम्	३४	१८८-१८९
सूक्ष्मदशाफलार्थं दशाप्रवेशकालिकलग्नसाधनम्	३५-३६	१९०-१९२
दशाशुभाशुभत्वकथनम्	३७	१९२-१९३
अथान्यद्विशेषकथणम्	३८	१९३-१९४
अष्टकवर्गफलस्याल्पत्वाधिकत्वकल्पनम्	३९	१९४-१९५
फलस्य व्यभिचाते किं करणीयमितिकथनम्	४०	१९५-१९६
ग्रन्थालङ्करणम्	४१	१९६
अथ ग्रन्थप्रशंसा	४२	१९६

।। श्रीः ।।

श्रीकेशवदैवज्ञविरचिता

केशवीयजातकपद्धतिः

सोपपत्तिव्याख्योदाहरणभाषाटीकासहिता

सतामयमाचारो यत् शिष्टाचारमनुसरन् प्रारिप्सितस्याविघ्नपरिसमाप्तये शिष्यशिक्षार्थञ्च शास्त्रप्रारम्भेष्वभिमतदेवतानमस्कारं कुर्वन्ति । तत्र ग्रन्थकारो श्लोकपूर्वार्धेन मङ्गलमाचरन् उत्तरार्धेन ग्रन्थान्तरसाध्यामितिकर्तव्यतां सप्तमलग्नानयनञ्च कथयति—

नत्वा विघ्नपशारदाच्युतशिवब्रह्मार्कमुख्यग्रहान्
कुर्वे जातकपद्धति स्फुटतरां होराविदां प्रीतये ।
यन्त्रैः स्पष्टतरोऽत्र जन्मसमयो वेद्योऽथ खेटाःस्फुटा
यत्पक्षे हि घटन्त उद्गम इहास्तर्क्षं सषड्भः स च ।। १ ।।

अन्वयः– अहं, विघ्नपशारदाच्युतशिवब्रह्मार्कमुख्यग्रहान् नत्वा होराविदां प्रीतये स्फुटतरां जातकपद्धतिं कुर्वे । अत्र यन्त्रैः स्पष्टतरो जन्मसमयो वेद्यः । अथ इह यत्पक्षे घटन्ते 'तत्पक्षे' स्फुटाः खेटाः, उद्गमः स सषड्भोऽस्तर्क्षं भवति ।

व्याख्याः– 'अहं' विघ्नपशारदाच्युतशिवब्रह्मार्कमुख्यग्रहान् = विघ्नपो गणेशः, शारदा सरस्वती, अच्युतो विष्णुः, शिवो महादेवः, ब्रह्मा विधिः, अर्कमुख्यग्रहाः सूर्यादिनवग्रहाः एतान्, नत्वा प्रणम्य, होराविदां अहोरात्रमध्ये संजातानां शुभाशुभफलं वेत्ति इति होराविदस्तेषां प्रीतये मुदे, स्फुटतराम् अतिलघुक्रियाम्, जातकपद्धतिम् अहोरात्रमध्ये जातस्य जातकस्य शुभाशुभफलबोधकं शास्त्रं जातकं तस्य पद्धतिं विधिम्, कुर्वे करोमि । अत्र, अस्यां पद्धतौ यन्त्रैः शङ्कुयष्टिधनुश्चक्रमयूरनरवानरादिभिः स्पष्टतरः अतिसूक्ष्मो जन्मसमयः सूर्योदयादिष्टकालो वेद्यः ज्ञातव्यः । अथ अनन्तरं इह अस्मिन् जन्मसमये यत्पक्षे यस्मिन् सौरब्रह्ममकरन्दग्रहलाघवादिपक्षे, घटन्ते = दृग्गणितैक्यं जायन्ते तस्मिन्पक्षे स्फुटाः स्पष्टाः खेटाः ग्रहाः 'साध्या' इति भावः ।

उद्गमः लग्नं च साध्यः, स उद्गम सषड्भः षड्राशिसहितोऽस्तर्क्षं सप्तमलग्नं भवतीति ।। १ ।।

उपपत्तिः– ''यात्राविवाहोत्सवजातकादौ खेटैः स्फुटैरेव फलस्फुटत्वमि"ति भास्कराचार्योक्तेः सूक्ष्मजन्मसमयज्ञानं जन्मसमये च स्फुटखेटादिज्ञानं समुचितमेव । तत्र क्रान्तिवृत्त-क्षितिजवृत्तयोः पूर्वसम्पातस्य लग्नमिति सञ्ज्ञा पश्चिमसम्पातस्य च सप्तमलग्नमस्तलग्नमिति वा सञ्ज्ञा सुप्रसिद्धैव। तत्र लग्नस्थानात् सप्तमलग्नस्य षड्भान्तरे स्थितिस्तेन लग्नं सषड्भास्तर्क्षं स्यादेव ।

भा० टी०– मैं गणेश, सरस्वती, विष्णु, शिव, ब्रह्मा एवं सूर्यादि ग्रहों को नमस्कार कर होराशास्त्रज्ञों की प्रीति के लिए संक्षिप्त रीति युक्त ''जातकपद्धति" को बनाता हूँ । यहाँ यन्त्रादि द्वारा सूक्ष्म समय का ज्ञान कर जिस (सौरब्राह्म आदि) पक्ष से दृग्गणितैक्य ग्रह हों उस पक्ष (मत) से स्पष्ट ग्रह और लग्न साधन करें । लग्न में ६ राशि जोड़ने पर सप्तम लग्न होता है ।

उदाहरण– लग्न सप्तम एवं दशम लग्न ज्ञान के लिए सूर्योदयादिष्टम्, स्पष्टरवि, अयनांश, नतोन्नतकाल का ज्ञान होना आवश्यक है । ग्रन्थ में वर्णित विषयों का ज्ञान कुण्डली निर्माण ज्ञान के बिना असम्भव है । अथवा इससे सम्बन्धित विषयों का ज्ञान होना चाहिये । जिज्ञासुओं के ज्ञान हेतु भारतीय पद्धति से आवश्यक विषय का निर्देश अनिवार्य है । मंगलाचरण में स्फुट ग्रहादि साधन (यत्पक्षे हि घटन्त उद्गम) बताया है । ध्यान देय है कि स्फुटता से ग्रन्थकार का प्रयोजन आकाशीय चमत्कृतियों से नहीं बल्कि जिस मत से मानव जीवन में शुभाशुभ फल घटित हों उस पक्ष से है । ज्यौतिषवाङ्मय में अनेक सिद्धान्त ऋषि प्रणीत माने गये हैं । ''वराहमिहिर की ''स्पष्टतरः सावित्रः" इस उक्ति से सावित्र सिद्धान्त अर्थात् सूर्यसिद्धान्त से ही स्पष्ट संकेत है । अतः धर्म कर्म एवं मानव जीवन में सम्पूर्ण कर्मो के करने का संकेत सूर्यसिद्धान्त से ही प्राप्त होता है । अतः सूर्यसिद्धान्तीय विधि तथा उसके अनुयायी मानव प्रणीत ग्रन्थों के आधार पर जातक का इष्टकालिक ज्ञान ग्रन्थकार को अभीष्ट है । ध्यान रहे कि दृग्गणितैक्य का अर्थ जातजशास्त्र के लिए आकाशीय चमत्कृतियों से नहीं है ।

क्योंकि एक ही आचार्य जब गणित के सिद्धान्तों का प्रतिपादन करता है तो सूर्य का उच्च २।१८°= ७८° लिखता है और फलित शास्त्र हेतु सूर्य का उच्च मेष का १० अंश निर्धारित करता है । इस तरह के अनेक प्रमाण ग्रन्थों में स्पष्ट संकेत देते हैं कि फलित ज्यौतिष शास्त्र में दृग्गणितैक्य से आकाशीय चमत्कृति का ग्रहण नहीं होगा । इस ग्रन्थ के आधारभूत विषयों का संकेत आवश्यक है । इसलिए उनका संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत है—

इष्टकाल–जन्म स्थानीय सूर्योदय काल से जन्म समय तक के घट्यादिमान को इष्टकाल कहते हैं । पञ्चाङ्ग किसी निश्चित स्थान का रहता है, किन्तु इष्टकाल भूमण्डल के किसी भी भाग का साधन किया जाता है । अत: जिस स्थान का पञ्चाङ्ग उपलब्ध हो वहाँ के इष्टकाल साधन की विधि तथा पञ्चाङ्ग के स्थान से दूसरे स्थानों के इष्टकाल साधन की विधि दी जाती है । जहाँ का पञ्चाङ्ग हो वहाँ का इष्टकाल साधन विधि–

अर्धरात्रि के बारह बजे के बाद एकादि घण्टा माना जाता है । दो पहर के बारह बजे के अनन्तर पुन: एकादि घण्टा घड़ियों में प्रचलित है । जन्म समय दो पहर के १२ बजे तक हो तो जन्म समय में केवल वेलान्तर का संस्कार होगा । १२ बजे दिन से १२ बजे रात्रि तक जन्म हो तो जन्म समय में १२ घण्टा जोड़ कर वेलान्तर का संस्कार होगा । अर्थात् अर्धरात्रि के उपरान्त एक दो इत्यादि घण्टा को गणना के अग्रिम अर्धरात्रि के बारह बजने पर २४।० बजना जो रेलवे घड़ियो में प्रचलित है, माना जाता है । अर्द्ध रात्रि के बाद एवं सूर्योदय से पहले का जन्म हो तो घण्टादि जन्म समय में २४ घण्टा जोड़ेगे । इस तरह सिद्ध समय में वेलान्तर जो विश्वपञ्चाङ्ग के चतुर्थ अथवा ४०वें पृष्ठ पर दिया रहता है, कोष्ठक में निर्दिष्ट धन अथवा ऋण चिह्न के अनुसार संस्कार कर सूर्योदय घटावें और ढाई से गुणा करें तो सूर्योदयादिष्ट काल होता है ।

इष्टकाल साधन हेतु सूत्र—

[{जन्म समय घण्टादि $\pm$ वेलान्तर) $\pm$ देशान्तर}—सूर्योदय]×$\frac{५}{२}$

पञ्चाङ्ग के स्थान से अन्यत्र स्थान के लिए इष्टकाल साधनविधि—

जन्म समय में वेलान्तर एवं देशान्तर का संस्कार कर उसमें सूर्योदय घटाकर ढाई से गुणा करने पर इष्टकाल होता है ।

देशान्तर—

पञ्चाङ्ग स्थान से जन्म स्थान पूर्व में हो तो देशान्तर को जन्म समय में जोड़ा जायेगा तथा पश्चिम में जन्म स्थान हो तो जन्म समय में घटाया जायेगा । देशान्तर विविध ग्रन्थों में दिया रहता है । इस ग्रन्थ के अन्त में भी देशान्तर दिया गया है । अथ: देशान्तर का ज्ञान कर लें । वर्तमान समय में देशान्तर ज्ञान हेतु रेखाशों का प्रयोग किया जाता है । रेखांश की गणना ग्रीनवीच से की जाती है । मानचित्र (एटलस) में रेखांशों के चित्र अंकित हैं । ग्रीनवीच से अपने देश के रेखांशों को ४ से गुणा कर ६० का भाग देने से घण्टादि देशान्तर, ग्रीनवीच से होगा । किसी इष्ट स्थान से दूसरे स्थान का देशान्तर ज्ञात करना हो तो यदि दोनों स्थान ग्रीनवीच से पूर्व अथवा पश्चिम हों तो दोनों देशों के रेखांशों का अन्तर कर दश से गुणा करने पर घट्यादि तथा ४ से गुणा करने पर घण्टादि देशान्तर होता है ।

यदि एक स्थान ग्रीनवीच से पूर्व एवं दूसरा स्थान ग्रीनवीच से पश्चिम हो तो दोनों देशों के रेखांशों को जोड़कर दश से गुणा करने पर घट्यादि तथा ४ से गुणा करने पर घण्टादि एक स्थान से दूसरे स्थान का देशान्तर होता है ।

वेलान्तर—

रेलवे घड़ी एवं सूर्यघड़ी दोनों के अन्तर का नाम वेलान्तर है । जन्म समय स्टैण्डर्ड समयानुसार रहता है । इस समय को सूर्य घड़ी बनाने के लिए वेलान्तर का संस्कार करते हैं । कोष्ठक में निर्दिष्ट धन, अथवा ऋण चिह्न के अनुसार जन्म समय में संस्कार किया जाता है ।

सूर्योदय, सूर्यास्त एवं दिनमानादि साधन—

पृथ्वी के सभी भागों पर एक साथ सूर्योदयास्त नहीं होता । अत: इष्ट स्थान का सूर्योदय जानने हेतु चरकाल ज्ञान आवश्यक है । चर साधन कर छ: घण्टा में चरकाल को जोड़ने से उत्तराक्रान्ति में सूर्यास्त तथा दक्षिणाक्रान्ति में सूर्योदय होता है । सूर्यास्त को १२ घण्टा में घटाने से सूर्योदय अथवा सूर्योदय

को १२ घण्टा में घटाने पर सूर्यास्त होता है । सूर्यास्त को ५ से गुणा करने पर घट्यादि दिनमान होता है । दिनमान को ६० घटी में घटाने पर रात्रिमान होता है। यह विधि उत्तराक्षांश वाले स्थानों के लिए है । दक्षिण अक्षांश देशों के लिए इसके विपरीत क्रिया करनी चाहिए ।

पञ्चाङ्ग में तिथि, नक्षत्र, योग करणादि का मान जहाँ का पञ्चाङ्ग हो वहाँ का दिया रहता है । उनका मान स्वदेश में ज्ञात करने के लिए स्पष्टदेशान्तर (फलघटी) का संस्कार करते हैं । स्पष्टदेशान्तर में देशान्तर एवं चरान्तर दोनों रहते हैं । देशान्तर संस्कार जिस स्थान का पञ्चाङ्ग हो वहाँ से पूर्व में देशान्तर धन एवं पश्चिम में ऋण होता है । चरान्तर संस्कार क्रान्ति एवं अक्षांश वश निर्धारित होता है । चरान्तर धन अथवा ऋण हो यह ज्ञात करने की विधि—

उत्तराक्रान्ति एवं अधिकाक्षांश में चरान्तर धन होता है, तथा उत्तराक्रान्ति अल्पाक्षांश में चरान्तर ऋण होता है । इसी प्रकार दक्षिणाक्रान्ति अधिकाक्षांश में चरान्तर ऋण, एवं अल्पाक्षांश में चरान्तर धन होता है । उत्तर अक्षांश वाले स्थानों के लिए यह विधि समझनी चाहिए । दक्षिण अक्षांशवाले स्थानों के लिए इसके विपरीत संस्कार होता है ।

चरान्तर— पञ्चाङ्ग वाले स्थान और जन्मस्थान दोनों स्थानों के दिनमान के अन्तर को आधा करने पर चरान्तर होता है ।

यदि देशांतर और चरान्तर दोनों धन (+) हों तो योग करने से (+) स्पष्ट देशान्तर होता है । दोनों यदि ऋण हों तो दोनों का योग करने से ऋण (–) स्पष्ट देशान्तर होता है । दोनों (देशान्तर और चरान्तर) में एक धन और एक ऋण हो तो दोनों का अन्तर करने से शेष तुल्य धन अथवा ऋण शेष वश स्पष्ट देशान्तर होता है । अर्थात् दोनों का अन्तर करने पर शेष धन आया तो स्पष्ट देशान्तर धन होगा और शेष ऋण आया तो स्पष्ट देशान्तर ऋण होगा ।

इष्ट स्थान का पञ्चाङ्ग साधन—

पञ्चाङ्ग में जो तिथि, नक्षत्र, योग एवं करणादि का मान दिया है उस मान में स्पष्ट देशान्तर को जोड़ने अथवा घटाने से अपने इष्ट स्थान में पञ्चाङ्गों का मान हो जाता है ।

यदि किसी व्यक्ति का जन्म श्री शुभ संवत् २००७ शक १८७२ आश्विन कृष्ण तिथी ६ सोमवार दिनांक २।१०।१९५० ई० को आठ बजे प्रात: है । जन्मस्थानीय अक्षांश २५°।३०' तथा देशान्तर + घटी ० । पल १७। विपल १० (घण्टादि देशान्तर + ०।६।५२) धन है । अत: अग्रिम क्रिया यथा—

सूर्योदय साधन—

अक्षांशा: २५°।३०'

रविक्रान्तिदक्षिणा ३°।२७'

विश्वपञ्चाङ्ग के ९ पृष्ठ से चर साधन—

२५° अक्षांश एवं ३° क्रान्ति का फल = ५।३६

२५° ,, ,,४° ,, ,, = ७।२८

अन्तर = १।५२

अन्तर को २७' क्रान्ति से गुणा किया = १।५२×२७= ०।५०

२६° अक्षांश ३° क्रान्ति में = ५।५२

२५ ,, ३° ,, = ५।३६

अन्तर = ०।१६

३०' अक्षांश से गुणा किया × ३०

८।०

सबका योग=

२५° अक्षांश ३° क्रान्ति का फल ५।३६ मिनटादि

२७' ,, ०।५०

३०' अक्षांश फल ०।८

योग = ६।३४ मिनटादि फल

घं०	मि०	से०
६	०	०
+	६	३४
६	६	३४

= ६।६।३४ घण्टादि मान

रविक्रान्ति दक्षिणा होने से सूर्योदय हुआ ।

१२ घण्टा–६।६।३४ = ५।५३।२६ सूर्यास्त

५।५३।२६×५ = २९।२७।१० दिनमानघट्यादि

जन्मस्थानीय दिनमान = २९।२७।१०

काशी का दिनमान = २९।२६।०

दोनों का अन्तर ०।१।१०

अन्तरार्ध ०।०।३५ = चरान्तर

दक्षिणा क्रान्ति अधिकांक्षांश होने से चरान्तर ऋण (–) होगा

अत: चरान्तर — ०।०।३५

देशान्तर + ०।१७।१०

स्पष्टदेशान्तर + ०।१६।३५ घट्यादि ।

काशी के तिथ्यादि मान में इसी को जोड़ने से (क्योंकि यह धन (+) आया है) जन्मस्थानीय अर्थात् २५°।३०' अक्षांश और + ०।१७।१० देशान्तर वाले स्थानों का तिथ्यादि मान हो जायेगा । उस दिन काशी में पञ्चाङ्गमान—

श्रीशुभसंवत् २००७ शक १८७२ याम्यायन सौम्यगोल शरद् ऋतु अश्विन कृष्ण पक्ष सोमवार को षष्ठी तिथि का मान ३१ घटी २१ पल वर्तमान नक्षत्र रोहिणी का मान १२।१६ गत नक्षत्र कृतिका मान ५।५७ व्यतिपात योग का मान ५१।१७ वणिज करण का मान ३१।२१ है, अत: काशी के पञ्चाङ्ग से स्वदेश का पञ्चाङ्ग मान यथा—

काशी में मान	+	स्पष्टदेशान्तर	=	स्वदेशीयमान
घ०।प०		घ०।प०।वि०	=	घ०।प०।वि०
६ तिथि ३१।२१	+	०।१६।३५	=	३१।३७।३५

रोहिणीनक्षत्र	१२।१६	+ ०।१६।३५	=	१२।३२।३५
कृतिकानक्षत्र	५।४७	+ ०।१६।३५	=	६।३।३५
व्यतिपात योग	५१।१७	+ ०।१६।३५	=	५१।३३।३५
वणिजकरण	३१।२१	+ ०।१६।३५	=	३१।३७।३५

इष्टकाल साधन—

	घं०।मि०।से०
जन्म समय:	८।०।०
वेलान्तर (कालसमीकरण)	+ १२।२३ (विश्वपञ्चाङ्ग पृ० ४२)
	+ ०।६।५२
सूर्यघड़ी से स्थानीय समय	= ८।१९।१५
सूर्योदय	− ६।६।३४
घण्टादि	= २।१२।४१
	× ५/२
इष्टकाल घट्यादि	= ५।३१।४२

भयात साधन—

(६० घटी−गतनक्षत्रमान) + इष्टकाल

घ० । प०	
६०।००	
६।०३।३५	= गतनक्षत्रमान
५३।५६।२५	= गतदिवसीय रोहिणी का मान
५।३१।४२	= इष्टकाल
५९।२८।७	= भयात

भभोग साधन—

(६० घटी–गतनक्षत्र मान) + वर्तमान नक्षत्र मान

घ० । प० । वि०

६० । ० । ०

६ । ३ । ३५ = गतनक्षत्र मान

५३। ५६। २५ गतदिवसीय रोहिणी का मान

१२। ३२ । ३५ वर्तमान रोहिणी का मान

६६ । २९ । ० भभोग

चन्द्रस्पष्ट साधन—

पलात्मक भयात को ६० से गुणा कर, पलात्मक भभोग से भाग देने पर जो लब्धि हो उसे गतनक्षत्र संख्या को ६० से गुणा करने पर, गुणनफल में जोड़ दें । योगफल जो आया उसे दो से गुणा कर नौ का भाग देने से अंशादि स्पष्टचन्द्र होता है । इसे राश्यादि बनाने के लिए अंश में ३० का भाग देने से राश्यादि चन्द्रस्पष्ट होगा ।

संक्षिप्त चन्द्र स्पष्ट का सूत्र—

(१) $\frac{\text{भयात्} \times ६०}{\text{भभोग}}$ = लब्धि:

(२) $\frac{\{(\text{गतनक्षत्रसंख्या} \times ६०) + \text{लब्धि}\} \times २}{९}$ = अंशादि स्पष्टचन्द्र

(३) अंशादि स्पष्टचन्द्र ÷ ३० = राश्यादि स्पष्टचन्द्र

$\frac{५९।२८।७ \times ६०}{६६।२९}$ = ५३।४०।१०

गतनक्षत्रसंख्या = ३ = कृतिका

ग० न० सं × ६० = ३×६० = १८०

१८० + ५३।४०।१० = २३३।४०।१०

$$\frac{(२३३।४०।१०)\times २}{९} = ५१०।५५'।३६''$$

$$= १।२१^{\circ}।५५'।३६''=\text{स्पष्टचन्द्र}$$

चन्द्रगति साधन—

$$\text{चन्द्र स्पष्ट गति} = \frac{४८०००}{\text{भभोग}} = \text{अंशादि: । अत:}$$

$$\frac{४८०००'}{३९८९} = १२०।१'।५९''= ७२१'।५९''$$

ग्रहस्पष्टीकरण चन्द्र से इतर ग्रहों के लिए—

काशी के मिश्रमान कालिक ग्रह—

मिश्रमान = ४६।१८

काशी के ग्रह	रा.।अं.। क.। वि.	गति: क०। वि०
सूर्य	= ०५।१५।२३।५२	५९।०७
मंगल	= ०७।११।४२।५६	४१।४३
बुध	= ०५।००।०२।४८	५९।२१
बृहस्पति वक्री	= १०।१०।३४।५२	०५।३१
शुक्र	= ०५।०८।०८।००	७४।२७
शनि	= ०४।२८।१९।०७	०७।२६
राहु	= ११।०८।०८।४८	०३।११

चालन—

मिश्रमान में इष्टकाल घट जाये तो शेष तुल्य ऋण चालन होता है । इष्टकाल में मिश्रमान घटे तो शेष तुल्य धन चालन होता है ।

ग्रह गति को चालन से गुणा कर ६० का भाग देने से चालन फल होता है । मिश्रमान कालिक ग्रह में चालन फल का संस्कार करने से इष्टकाल में स्पष्टग्रह सिद्ध होते हैं ।

= ४६।१८	काशी का मिश्रमान
+ ००।१६।३५	स्पष्ट देशान्तरम्
४६।३४।३५	स्वदेश का मिश्रमान
५।३१।४२	इष्टकाल
४१। २।५३ = ४१।३	ऋण चालन

सूर्यस्पष्ट—

रविस्पष्टगति × चालन / ६० = चालनफल

मिश्रमानकालिकरवि + चालनफल = स्पष्टरवि

(४१।३) × (५९।७) / ६० = ४०।२७ चालन फल

५।१५।२३।५२	= मिश्रमानकालिक सूर्य
— ४०।२७	= चालनफल
५।१४।४३।२५	= सपष्ट रवि:

स्पष्ट मङ्गल—

कुज स्पष्टगति × चालन / ६० = चालनफल

मिश्रमान कालिक मंगल + चालनफल = स्पष्टमंगल

(४१।४३) × ४१।३ / ६० = २८।३२

७।११।४२।५६	मिश्रमानकालिक मंगल
—२८।३२	चालनफल
७।११।१४।२४	स्पष्टमंगल

स्पष्टबुध—

बुध स्प० ग० × चा० / ६० = चालन फल

मिश्रमानकालिक बुध + चालनफल = स्पष्टबुध

(४१।३) × ५९।२१ / ६० = ४०।३६

५।०।२।४८ मिश्रलानकालिक बुध

—४०।३६ चालनफल

४।२९।२२।१२ स्पष्टबुध

स्पष्टगुरु—

गुरु०स्प० ग०× चा० / ६० = चालनफल

मिश्रमान कालिक गुरु + चालनफल = स्पष्ट गुरु

(४१।३) × ५।३१ / ६० = ३।४६

१०।१०।३४।५२ मिश्रमान कालिक गुरु

+ ३।४६ चालनफल (वक्री होने से विपरीत संस्कार होगा)

१०।१०।३८।३८ = स्पष्टगुरु

शुक्रस्पष्टीकरण–

शु० स्प० ग० × चा० / ६० = चालनफल

मिश्रमानकालिक शुक्र + चालनफल = स्पष्ट शुक्र

(४१।३) × ७४।२७ / ६० = ५०।५७

५।८।८।० = मिश्रमानकालिक शुक्र

−५०।४६ = चालनफल

५।७।१७।४ = स्पष्टशुक्र

शनिस्पष्ट—

श० स्प० ग० × चालन / ६० = चालनफल

मिश्रमानकालिकशनि + चालनफल = स्पष्टशनि

(४१।३) × ७।२६ = ५।५
६०

४।२८।२९।७ = मिश्रमानकालिक शणि
—५।५ = चालनफल
४।२८।१४।२ = स्पष्टशनि

राहु स्पष्ट—

राहु गति × चालन = चालनफल
६०

मिश्रमानकालिकराहु + चालनफल = स्पष्ट राहु

(४१।३) × (३।११) = २।११
६०

११।८।८।४८ मिश्रमानकालिक राहु
+ २।११ चालनफल (वक्रीग्रह में चालनफल का विपरीत संस्कार होता है ।
११।८।१०।५९ स्पष्ट राहु

केतु स्पष्ट—

स्पष्ट राहु में ६ राशि जोड़ने अथवा घटाने पर स्पष्ट केतु होता है ।

अत: ११।८।१०।५९ स्पष्ट राहु
+ ६।०।०।०
५।८।१०।५९ स्पष्ट केतु

अत: जन्म समय का—

इष्टकाल = ५।३१।४२ घट्यादि
रोहिणी भयात् = ५९।२८।७ घट्यादि
रोहिणी भभोग = ६६।२९।० घट्यादि

स्पष्टग्रह सगतिक

सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	व.	के.	ग्रह
०५	०१	०७	०४	१०	०५	०४	११	०५	रा.
१४	२१	११	०९	१०	०७	१८	०८	०८	अं.
४३	५५	१४	२२	३८	१७	१४	१०	१०	क.
२५	३६	२४	१२	३८	०४	०२	५९	५९	वि.
५९	७२१	४१	५९	०५	७४	०७	०३	०३	क.
०७	५९	४३	२१	३१	२७	२६	११	११	वि.
सदा मार्गी	सदा मार्गी	मार्गी	मार्गी	वक्री	मार्गी	मार्गी	सदा वक्री	सदा वक्री	ग्रहस्थिति
मातृ	भ्रातृ	पितृ	आत्म	पुत्र	ज्ञाति	अमात्य	×	×	कारकत्व
युवा	कुमार	वृद्ध	मृत	कुमार	वृद्ध	मृत	वृद्ध	वृद्ध	अवस्था

आत्मकारक—

सूर्यादि सात ग्रहों में जिस ग्रह का अंश सर्वाधिक रहेगा वह ग्रह आत्मकारक होता है । इस उदाहरण में बुध का अंश (२९) सबसे अधिक है । अत: बुध आत्म कारक ग्रह हुआ ।

अमात्यकारक—

आत्म कारक ग्रह से जिस ग्रह का अंश कम हो वह आत्मकारक होता है । इस उदाहरण में आत्मकारक बुध से न्यून अंश शनि का है । अत: शनि अमात्य कारक माना जायेगा ।

भ्रातृकारक—

अमात्य कारक ग्रह से न्यून (कम) अंश वाला ग्रह भ्रातृकारक होता है। इस उदाहरण में अमात्य कारक शनि से न्यून शनि से न्यून अंश चन्द्र का है। अत: चन्द्र भ्रातृकारक माना जायेगा ।

मातृकारक ग्रह—

भ्रातृकारक ग्रह से न्यून अंश वाला ग्रह मातृ कारक होता है । उदाहरण में भ्रातृ कारक ग्रह रवि से न्यून अंश रवि का है । अत: रवि मातृ कारक ग्रह होगा ।

पितृकारक—

मातृ कारक ग्रह से न्यून अंशवाला ग्रह पितृ कारक माना गया है । उदाहरण में मातृकारक ग्रह रवि से न्यून अंश मंगल का है । अत: मंगल पितृकारक ग्रह माना जायेगा ।

पुत्रकारक—

पितृ कारक ग्रह से न्यून अंश वाला ग्रह पुत्र कारक होता है । उदाहरण में पितृ कारक ग्रह मंगल से न्यून अंश वाला बृहस्पति है । अत: बृहस्पति पुत्र कारक माना जायेगा ।

ज्ञातिकारक—

पुत्रकारक ग्रह से न्यून अंश वाला ग्रह ज्ञाति कारक होता है । उदाहरण में पुत्र कारक ग्रह बृहस्पति से न्यून अंश शुक्र का है । अत: शुक्र ज्ञाति कारक ग्रह माना जायेगा ।

महर्षि पराशर ने आत्म, आमात्य, भ्रातृ, मातृ, पितृ, पुत्र, ज्ञाति, स्त्री ये ८ कारक न्यून अंश क्रम से निर्दिष्ट किये हैं । इस में राहु की गणना है । तदनुसार प्रस्तुत उदाहरण में राहु ज्ञाति एवं शुक्र स्त्री कारक ग्रह माना जायेगा ।

ग्रहों की अवस्था—

बाल, कुमार, युवा, वृद्ध, मृत ये विषम राशियों में क्रमश: ६-६ अंशों के होते हैं । समराशियों में ६-६ अंशों तक क्रमश: मृत, वृद्ध, युवा, कुमार एवं बाल अवस्थायें होती हैं ।

स्पष्टार्थ चक्र

बाल	कुमार	युवा	वृद्ध	मृत	अवस्था
१°-६°	७°-१२°	१३°-१८°	१९°-२४°	२५°-३०°	विषमराशि
मृत	वृद्ध	युवा	कुमार	बाल	अवस्था
१°-६°	७°-१२°	१३°-१८°	२९°-२४°	२५°-३०°	समराशि

लग्नसाधन—

लग्नसाधन हेतु संक्षिप्त सूत्र—

गतभोग्यासवा कार्या भास्करादिष्टकालिकात् ।
स्वोदयासुहता भुक्त भोग्या भक्ताः खवह्निभिः ।।
अभीष्टघटिकासुभ्यो भोग्यासून् प्रविशोधयेत् ।
तद्वत् तदेष्यलग्नासूनेवं यातान् तथोत्क्रमात् ।।
शेषं चेत् त्रिशताऽभ्यस्तमशुद्धेन विभाजितम् ।
भागैर्युक्तं च हीनं च तल्लग्नं क्षितिजे तदा ।।

सूर्यसिद्धान्त

स्पष्ट सूर्य + अयनांश= सायनसूर्य

३०°।०।० – भुक्तांश = भोग्यांश

$\frac{\text{भोग्यांश} \times \text{राश्युदयमान}}{३०}$ = भोग्यफल

$\frac{(\text{भुक्तांश} \times \text{राश्युदयमान})}{३०}$ = भुक्तपल

भोग्यप्रकार से लग्न साधनः—

(इष्टपल - भोग्यपल) – अग्रिमराश्युदयमान = शेष

$\frac{\text{शेष} \times ३०}{\text{अशुद्धराश्युदयमान}}$ = लब्धि अशुद्धराशिसम्बन्धी लग्नखण्ड अंशादि

शुद्धराशिसंख्या + अंशादि लब्धि = सायनलग्न

सायनलग्न – अयनांश = निरयनलग्न ।

भुक्त प्रकार के लग्न साधन :—

इष्टपल – भुक्तपल = शेष

शेष – गतराश्युदयमान = शेष अशुद्ध राशि सम्बन्धी मान

$\frac{\text{शेष} \times ३०}{\text{शुद्धराश्युदयमान}}$ = लब्धि = अशुद्धराशिसम्बन्धी लग्नमान अंशादि

अशुद्धराशिसंख्या – लब्धि = सायनलग्न

सायनलग्न – अयनांश = निरयनलग्न ।

सूर्यस्पष्ट में अयनांश को जोड़ने से सायन सूर्य होता है । सायन सूर्य की राशि को छोड़ शेष को भुक्तांश कहते हैं । भुक्तांशादि को ३०° तीस अंश में घटाने से भोग्यांश होता है । भुक्तांश अथवा भोग्यांश को सायन सूर्य के राश्युदयमान से गुणा कर तीस का भाग देने से क्रम से भुक्तपल एवं भोग्यपल होते हैं । यदि भोग्य प्रकार से लग्न साधन करना हो तो इष्टपल में भोग्यपल को घटावें । पुन: शेष में अग्रिम राशियों के उदयमान को घटावें । जिस राशि का उदयमान न घटे वह अशुद्ध राशि कही जायेगी । अशुद्ध राशि से पहले की राशि शुद्ध राशि कही जाती है । शेष को ३० से गुणाकर अशुद्ध राशि के उदयमान से भाग देने पर अशुद्धराशि सम्बन्धि लग्न का अंशादि मान होगा । इसमें शुद्ध राशि की संख्या को जोड़ने से सायनलग्न होता है । सायन लग्न में अयनांश घटाने से निरयन लग्न सिद्ध होता है ।

यदि भुक्त प्रकार से लग्न साधन करना हो तो इष्टपल में भुक्तपल को घटावें शेष में सायन सूर्य के पहले की राशियों के उदयमानों को घटावें । जिस राशि का उदयमान न घटे वह अशुद्ध राशि होती है । शेष को ३० से गुणा कर अशुद्ध राशि के उदयमान से भाग देने पर जो अंशादि, फल हो उसे अशुद्ध राशि की संख्या में घटाने से सायनलग्न होता है । सायनलग्न में अयनांश घटाने से निरयन लग्न होता है ।

सायन सूर्य के भोग्य पल से इष्टपल कम हो तो इष्टपल को ३० से गुणा कर सायन सूर्य के राश्युदय मान से भाग देने पर अंशादि फल को इष्टकालिक स्पष्ट सूर्य में जोड़ देने से निरयन लग्न होता है ।

अत: लग्न साधन हेतु चार उपकरणों की आवश्यकता है ।

(१) इष्टकाल (२) स्पष्ट सूर्य (३) अयनांश (४) राश्युदयमान

इष्टकाल एवं स्पष्ट सूर्य का विवेचन किया जा चुका है । अत: अयनांश साधन विधि आगे वर्णित है ।

अयनांश साधन—

अयनांश साधन में विविध आचार्यों में मतभेद है । ग्रहलाघवकार के अनुसार इष्टशक में ४४४ घटाकर ६० का भाग देने से लब्धि तुल्य अयनांश सिद्ध होता है ।

नवीन मत के अनुसार वर्तमान शक में १८०० घटाकर शेष में एक स्थान पर ७० से और दूसरे स्थान पर ५० से भाग देने पर प्रथम स्थान पर अंशादि एवं दूसरे स्थान पर कलादि लब्धि होगी । दोनों फलों के अन्तर में २२।८।३३ अंशादि मान को जोड़ने से योगफल तुल्य वर्षारम्भ कालिक अयनांश होता है । प्रकृत उदाहरण का शक १८७२ है अत: जन्मशक १८७२–१८०० = ७२ । इसमें ७० का भाग देने पर लब्धि १°।१'।४३" अंशादि और ५० का भाग देने पर लब्धि १।२६ कलादि हुई । अत: दोनों का अन्तर १°।०'।१७" अंशादि को २२।८।३३ अंशादि में जोड़ने से २३°।८'।५०" वर्षारम्भकालिक अयनांश सिद्ध हुआ ।

अयनांश की १ मास में ४"।१०"' विकलादि गति है । अत: सूर्य के कन्या प्रवेश के दिन तक अयनांश का मान २०"।५०"' है । इसमें वर्षारम्भकालिक अयनांश जोड़ने से २३°।८'।५०"+ (२०"।५०"' = २१") = २३°।९'।११" स्पष्ट अयनांश सिद्ध हुआ ।

वर्षारम्भ कालिक अयनांश ज्ञान हेतु कोष्ठक—

शक	अयनांश	शक	अयनांश	शक	अयनांश
१८७१	२३।०७।५९	१८९१	२३।२४।४४	१९११	२३।४१।२९
१८७२	२३।०८।४९	१८९२	२३।२५।३५	१९१२	२३।४२।१९
१८७३	२३।०९।३९	१८९३	२३।२६।२५	१९१३	२३।४३।१०
१८७४	२३।१०।३०	१८९४	२३।२७।१५	१९१४	२३।४४।००
१८७५	२३।११।२०	१८९५	२३।२८।०६	१९१५	२३।४४।५०
१८७६	२३।१२।१०	१८९६	२३।२८।५६	१९१६	२३।४५।४०
१८७७	२३।१३।००	१८९७	२३।२९।४६	१९१७	२३।४६।३०
१८७८	२३।१३।५०	१८९८	२३।३०।३७	१९१८	२३।४७।२०
१८७९	२३।१४।५१	१८९९	२३।३१।२७	१९१९	२३।४८।११
१८८०	२३।१५।३१	१९००	२३।३२।१७	१९२०	२३।४९।०१
१८८१	२३।१६।२२	१९०१	२३।२३।०७	१९२१	२३।४९।५१
१८८२	२३।१७।१२	१९०२	२३।३३।५७	१९२२	२३।५०।४२
१८८३	२३।१८।२	१९०३	२३।३४।४७	१९२३	२३।५१।३२
१८८४	२३।१८।५३	१९०४	२३।३५।३८	१९२४	२३।५२।२२
१८८५	२३।१९।४३	१९०५	२३।३६।२८	१९२५	२३।५३।१२
१८८६	२३।२०।३३	१९०६	२३।३७।१८	१९२६	२३।५४।०३
१८८७	२३।२१।२३	१९०७	२३।३८।०८	१९२७	२३।५४।५३
१८८८	२३।२२।१३	१९०८	२३।३८।५९	१९२८	२३।५५।४३
१८८९	२३।२३।०४	१९०९	२३।३९।४९	१९२९	२३।५६।३३
१८९०	२३।२३।५४	१९१०	२३।४०।३९	१९३०	२३।५७।२३

अभीष्ट शकारम्भ काल में अयनांश साधन करने हेतु एकादि वर्षों की कलादि अयनांश गति :—

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	वर्ष
०	१	२	३	४	५	५	६	७	८	क०
५०	४०	३१	२१	११	१	५२	४२	३२	२२	वि०

मेषादि संक्रान्ति के आरम्भ में अयनांश की विकलादि गति :—

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	घ.	म.	कु.	मी.	रा.
०	४	८	१२	१६	२०	२५	२९	३३	३७	४१	४५	वि.
०	१०	२०	३०	४०	५०	०	१०	२०	३०	४०	५०	प्र.

उदाहरण में शक १८७२ रवि ५।१४।४३।२४ को अयनांश साधन—

१८७२ शकादि में अयनांश = २३°।८'।४९"

कन्या संक्रान्ति के आदि में = २१

इष्टकालिक अयनांश = २३।९।१०

लंकोदय मान से स्वोदयमान साधन—

लंकोदयमान में चरखण्ड का संस्कार करने से अपने देश में राशियों के उदयमान होते है ।

लंकोदयमान मान मेषादि राशियों के क्रम से २७८।२९९।३२३।३२३।२९९।२७८।२७८।२९९।३२३।३२३। २९९।२७८ हैं ।

चरखण्ड साधन—

पलभा को एक स्थान पर १० से गुणा करें, दूसरे स्थान पर ८ से गुणा करें तथा तीसरे स्थान पर १० से गुणा कर ३ का भाग देने से क्रम से मेष, वृष तथा मिथुन राशियों के चरखण्डमान होते हैं । ये ही व्युत्क्रम से कर्क, सिंह, कन्या के चरखण्ड होगे । ये ही ६ राशियों के चरखण्ड मान व्युत्क्रम से तुलादि राशियों के चरखण्ड होगें ।

पलभा—

सायन मेष संक्रान्ति के दिन द्वादशांगुल शंकु की छाया को पलभा कहते हैं । पलभा साधन विधि अन्य ग्रन्थों में दी है , किन्तु सुगमार्थ कुछ अक्षांशों की अंगुलादि पलभा दी जाती है —

१	००।१२।३४	१६	०३।२६।२४	३१	०७।१२।१८	४६	१२।२५।३७
२	००।२५।९	१७	०३।४०।००	३२	०७।२९।५३	४७	१२।५२।३७
३	००।३७।४४	१८	०३।५४।००	३३	०७।४७।३१	४८	१३।१९।३७
४	००।५०।२१	१९	०४।०८।००	३४	०८।०५।३८	४९	१३।४८।५०
५	०१।०३।००	२०	०४।२२।००	३५	०८।२४।०७	५०	१४।१८।०३
६	०१।१५।४०	२१	०४।३६।२२	३६	०८।४३।०५	५१	१४।४९।४८
७	०१।२८।२३	२२	०४।५०।५३	३७	०९।०२।४७	५२	१५।२१।३२
८	०१।४१।१०	२३	०५।०५।३८	३८	०९।२२।३०	५३	१५।५६।२१
९	०१।५४।००	२४	०५।२०।३१	३९	०९।४३।२०	५४	१६।३१।११
१०	०२।०६।५०	२५	०५।३५।४२	४०	१०।०४।०९	५५	१७।०९।१९
११	०२।२०।००	२६	०५।५१।०७	४१	१०।२६।१४	५६	१७।४७।२८
१२	०२।३३।००	२७	०६।०७।००	४२	१०।४८।१८	५७	१८।२९।४४
१३	०२।४६।१२	२८	०६।२२।४८	४३	११।११।५१	५८	१९।१२।००
१४	०२।५९।२८	२९	०६।२९।०४	४४	११।३५।२४	५९	१९।५९।३०
१५	०३।१२।५४	३०	०६।५५।४१	४५	१२।००।३०	६०	२०।४७।००

इष्ट स्थान की पलभा साधन के लिए गत एवं अग्रिम अक्षांशों की पलभा के अन्तर को अक्षांश के कला मान से गुणा कर ६० का भाग देने से लब्धि व्यङ्गुलादि पलभा होगी । इसे गत अक्षांश की पलभा में जोड़ने से अपने अभीष्ट अक्षांश की पलभा होगी ।

प्रस्तुत उदाहरण में २५°।३०' अक्षांश की पलभा साधन करनी है ।

अत: २५ अक्षांश की पलभा = ०५।३५।४२

२६ ,, ,, = ०५।५१।०७

अन्तर ००।१५।२५

$\frac{१५।२५\times३०}{६०}$ = ०७।४२।३०

०५।३५।४२।०० = २५° की पलभा

०७।४२।३० = ३०' की पलभा

०५।४३।२४।३० = २५°।३०' अक्षांश की पलभा

चरखण्ड साधनोदाहरण—

०५।४३।२५×१० = ५७ प्रथम, षष्ठ, सप्तम, द्वादश चरखण्ड

०५।४३।२५×०८ = ४६ द्वितीय, पञ्चम, अष्टम, एकादश"

(०५।४३।२५×१०) ÷ ३ = १९ तृतीय, चतुर्थ, नवम, दशम"

स्वोदय साधनोदाहरण—

लंकोदय	+	च०ख०	=	स्वोदयमान
२७८	−	५७	=	मे० २२१ मी०
२९९	−	४६	=	वृ० २५३ कु०
३२३	−	१९	=	मि० ३०४ म०
३२३	+	१९	=	क० ३४२ ध०
२९९	+	४६	=	सिं० ३४५ वृ०
२७८	+	५७	=	क० ३३५ तु०

लग्न एवं सप्तम भाव साधन का उदाहरण—

रवि: ०५।१४।४३।२५, अयनांश २३।०९।१०, इष्टकाल ५।३१।४२

०५।१४।४३।२५ = स्पष्टरवि

+ २३।०९।१० = अयनांश

०६।०७।५२।३५ = सायनसूर्य

०७।५२।३५ = भुक्तांश

३०।००।००

−०७।५२।३५ = भुक्तांश

२२।०७।२५ = भोग्यांश

$\frac{\text{भोग्यांश} \times \text{राश्युदयमान}}{३०}$ = भोग्यपल

५।३१।४२ = ३३१।४२।०० इष्टपल

भोग्यपल तुला = − २४७।०२।४९

वृश्चिक अशुद्ध ८४।३९।११ शेष

$\frac{८४।३९।११ \times ३०}{३४५}$ = ७।२१।४० अशुद्धराशिलग्नखण्ड

०७।००।००।०० = शुद्धराशि संख्या
०७।२१।४० = अशुद्धराशि लग्नखण्ड
०७।०७।२१।४० = सायनलग्न
−२३।०९।१० = अयनांश
०६।१४।१२।३० = निरयनलग्न
+०६ राशि
००।१४।१२।३० = सप्तमलग्न

अथ नतोन्नतसाधनपूर्वकं दशमचतुर्थभावयोः साधनम्—

रात्रेः शेषमितं युतं दिनदलेमाह्नो गतं शेषकं
विश्लेष्यं खलु पूर्वपश्चिमनतं त्रिंशच्च्युतं चोन्नतम् ।
यत्पूर्वोन्नतषड्भयुक्तरवितः पश्चान्नतादित्यतो
यल्लङ्कोदयकैश्च लग्नमिव तन्माध्यं सषड्भं सुखम् ।। २ ।।

अन्वयः—रात्रेः शेष इतं दिनदलेन युतं पूर्वपश्चिमनतं भवति । एवं अह्नो गतं शेषकं दिनदलेन विश्लेष्यं पूर्वपश्चिमनतं स्यादिति । तन्नतं त्रिंशच्च्युतम् उन्नतं, भवति । पूर्वोन्नतषड्भयुक्तरवितः तथा पश्चान्नतादित्यतः लङ्कोदयकैः लग्नमिव यल्लग्नं तन्माध्यम्, तत्सषड्भं सुखं भवति ।

व्याख्या– रात्रेः=निशायाः, शेषं=अविशिष्टघट्यादिकम्, इतं=गतघट्यादिकम्, दिनदलेन=दिनार्धेन, युतं क्रमशः पूर्वपश्चिमनतं=पूर्वापरनतं भवति । अर्थात् अर्द्धरात्रितः पश्चाज्जन्मसमयश्चेत् तदा रात्रिशेषं दिनदलेन युतं पूर्वनतं भवति, तथा च अर्धरात्रितः प्रागेवजन्मसमयश्चेत्तदा रात्रिगतं दिनदलेन युतं पश्चिमनतं भवति । एवम् अह्नः=दिवसस्य गतं शेषकं च दिनदलेन विश्लेष्यं=दिनार्धेन विशोध्यम् तदा क्रमेण पूर्वपश्चिमनतं सिध्यति । अर्थात् दिनस्य गतं दिनार्धेन विशोध्यते तदा पूर्वनतम्, एवं च दिनस्य शेषमानं दिनदलेन विशोध्यते तदा पश्चिमनतं भवति । तन्नतं त्रिंशच्च्युतं=त्रिंशतः शुद्धमुन्नतं स्यात् । अर्थात् पूर्वसाधितनतयोः पूर्वनते त्रिंशच्च्युते पूर्वोन्नतम्, पश्चिमनते च त्रिंशच्च्युते पश्चिमोन्नतं भवति । पूर्वोन्नतषड्भयुक्तरवितः=पूर्वोन्नतघटिकाषड्राशियुक्तसूर्यतः, लङ्कोदयकैः=लङ्कायाः राश्युदयमानैः, लग्नमिव=लग्नसाधनमिव यल्लग्नं

सिध्यति तन्माध्यं=तद्दशमलग्नम्, तत्सषड्भं=दशमलग्नं षड्राशियुतम् सुखं=चतुर्थभाव सिध्यतीति ।

उपपत्ति:—

नतोन्नतोपपत्ति:—

खगोलस्य याम्योत्तरवृत्तेन भागद्वयं भवति । तत्र याम्योत्तरवृत्तात्पूर्वभागस्य पूर्वकपालम्, पश्चिमभागस्य च पश्चिमकपालमिति संज्ञा विद्यते । तत्र याम्योत्तरवृत्ताहोरात्रवृत्तयोरूर्ध्वसम्पातस्थानादहोरात्रवृत्ते प्रचलन्सूर्यो यावतीभिर्घट्यादिभिर्नत: स नतकाल इति कथ्यते । एवमेव याम्योत्तराहोरात्रवृत्तयोरध: सम्पातस्थानाद्यावतीभिर्घट्यादिभिरुन्नत: स उन्नतकाल इति कथ्यते । तत्र क्षितिजवृत्तादूर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तावधि यावदहोरावृत्ते दिनार्धम्, क्षितिजवृत्तादधो याम्योत्तरवृत्तावधिरात्र्यर्धकाल इति कथ्यते, अत: प्राक्कपाले क्षितिजाध:स्थे सूर्ये रात्रिशेषं, पश्चिमकपाले च क्षितिजाध:स्थे सूर्ये रात्रिगतमतो रात्रिशेषेण रात्रिगतेन च पृथक-पृथक् युतं दिनार्ध क्रमेण पूर्वपश्चिमनतं स्यात् । एवमेव प्राक्कपाले क्षितिजोर्ध्वस्थे सूर्ये क्षितिजवृत्ताद्रवि यावद् दिनगतम्, पश्चिमकपाले दिनशेषमतो दिनगतेन दिनशेषेण च ऊनितं दिनदलं क्रमात् प्रागपराख्यो नत्काल स्यात् । अत:

नतका०+उनतका० = ३० घट्य:

उन्नतकाल: = ३०–नतकाल: । अत: उपपन्नं नतोन्नतसाधनम् ।

श्लोकेऽस्मिनपूर्वपश्चिमनतं त्रिंशच्च्युतं यदुक्तं तद्दिनरात्रिमानं तुल्यं मत्वा विहितम् । क्रान्त्याभावदिनेऽयमनुपात: साधु:, किन्त्वन्तस्मिन्दिनेऽनया क्रियया निर्वाहो न भविष्यतीति सुधीभिर्विमृग्यम् ।

दशमचतुर्थभावयोरुपपत्ति:—

क्रान्तिवृत्तयाम्योत्तरवृत्तयोरूर्ध्वसम्पातो दशमलग्नमुच्यते । एवं क्रान्तियाम्योत्तरवृत्तयोरध: सम्पातश्चतुर्थलग्नमित्युच्यते । तत्र दशम लग्नस्य मध्यलग्नम्, चतुर्थ भावस्य च सुखभावमिति संज्ञा । तत्र क्रियालाघवार्थ भोग्यप्रकारैणैवाचार्येणानयनं विहितम् यथा–पूर्वनते यावतीभिर्घटिकाभिरधो-याम्योत्तरवृत्तात्सूर्यउनतो भवति तावतीभिरेव घटिकाभि:

सषड्भरविरूर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तान्नतो भवति । यतो हि द्वयोः वृत्तयोः सम्पातद्वयस्य षड्भान्तरे स्थितिरिति । अतः सषड्भसूर्यदशमलग्नयोरन्तरे सषड्भसूर्यस्य भोग्यांशाः, मध्यलग्नस्य भुक्तांशास्तदन्तर्वर्तिराशयश्च, तत्सम्बन्धिसमयश्चाहोरात्रवृत्ते पूर्वोन्नतघटीतुल्य एव सिध्यति । अत एव ''पूर्वोन्नतषड्भयुक्तरवित.'' इति कथनं युक्तियुक्तं सङ्गच्छते । तथा पश्चिमनते मध्यलग्नार्कयोरन्तरे सूर्यस्यभोग्यांशाः, मध्यलग्नभुक्तांशास्तदन्तर्वर्तिराश्यंशाश्चेति तत्समबन्धिकालश्चाहोरात्रवृत्ते नतकालतुल्य एव भवत्यतोऽत्र स्थितिद्वयेऽपि भोग्यप्रकारेण दशमलग्नं भवितुमर्हत्येव । एवमेव स्वयाम्योत्तरवृत्तं निरक्षदेशीयक्षितिजवृत्तं ध्रुवस्थानगतत्वात् भवति, तस्मान्मध्यलग्नानयने निरक्षोदयमानेन साधनं युक्तियुक्तमेव । अथ च दशमचतुर्थलग्नयोर्मिथः षड्भान्तरे स्थितिस्तेन सषड्भं मध्ये सुखं भवतीति सम्यङ्निष्पद्यते ।

हि० टी०– रात्रि में अर्द्धरात्रि के बाद का इष्टकाल हो तो ६० घटी में इष्टघट्यादि को घटाने से रात्रि का शेष भाग होता है । रात्रि की अवशिष्ट घट्यादि को दिनार्ध में जोड़ने से पूर्वनत होता है । रात्रि में अर्द्धरात्रि के पहले का इष्टकाल हो तो रात्रिगतघटी को दिनार्ध में जोड़ने से पश्चिमनत होता है । दिन में मध्याह्न (दोपहर) से पूर्व इष्टकाल हो तो दिनगतघटी की दिनार्ध में घटाने से पूर्वनत होता है, यदि मध्याह्न के बाद सूर्यास्त के पहले का इष्टकाल हो तो दिनशेष घट्यादि को दिनार्द्ध में घटाने से पश्चिमनत होता है । पूर्वनत को ३० में घटाने से पूर्वोन्नत तथा पश्चिमनत को ३० में घटाने से पश्चिमोन्नत होता है । यदि पूर्वनत हो तो पूर्वोन्नतघटी को इष्टकाल कल्पना कर सायनसूर्य में ६ राशि जोड़े और लंकोदयमान द्वारा भोग्य प्रकार से लग्नसाधन की रीति द्वारा लग्नसाधन करने पर दशमलग्न होता है । यदि पश्चिमनत हो तो पश्चिमनतघटी को ही इष्टकाल मानकर तातकालिक सायनसूर्य द्वारा लग्नसाधन की रीति से भोग्य प्रकार से लग्नसाधन करने पर दशमलग्न होता है । सायनदशमलग्न में अयनांश घटाने से निरयन दसमलग्न होता है । दशमलग्न (भाव) में छः राशि जोड़ने से चतुर्थ लग्न होता है ।

उदाहरण–

इष्टकाल = ५।३१।४२, दिनमान = २९।२७।१०

स्पष्टरवि = ५।१४।४३।२५, अयनांश = २३।९।१०

दिन में इष्टकाल होने से पूर्वोक्तरीति से पूर्वनत साधन—

(दिनार्ध—इष्टकाल = पूर्वनत)

$\frac{२९।२७।१०}{२}$ = १४।४३।३५ दिनार्द्ध

१४।४३।३५—५।३१।४२ = ९।११।५३ = पूर्वनत

३०—९।११।५३ = २०।४८।७ = पूर्वोन्नतघट्यादि

५।१४।४३।२५	सूर्य ।
२३।९।१०	अयनांश ।
६।७।५२।३५	सायनसूर्य ।
+६ राशि,	पूर्वनत होने से
०।७।५२।३५	सूर्य ।

३०°—७।५२।३५ = २२।७।२५ भोग्यांश

$\frac{२२।७।२५\times२७८}{३०}$ = २०५।०।४४ भोग्यपल

पूर्वोन्नतघट्यादि = २०।४८।७

पूर्वोन्नतपलादि = १२४८।७

१२४८।७ = पूर्वोन्नतपलादि

१२४८।०७।००

$\underline{-\ २०५।००।४४}$ = भोग्यपलादि मेष

१०४३।०६।१६

$\underline{२९९}$ = वृषोदयमान

७४४।०६।१६

$\underline{३२३}$ = मिथुनोदयमान

९८।०६।१६ = शेष

$\frac{(९८।६।१६)\times ३०}{२९९}$ = ९।५०।३६

०४।००।००।०० = कर्क शुद्ध राशि

+०९।५०।३६ = अशुद्धराशि सम्बन्धी मान

०४।०९।५०।३६ = सायनदशमलग्न

– २३।९।१० = अयनांश

०३।१६।४१।२६ = निरयनदशमलग्न (दशमलग्न)

+०६ राशि

०९।१६।४१।२६ = चतुर्थ भाव

अथावशिष्टभावसन्ध्यानयं तत्फलञ्चाह—

त्र्यंशो व्यस्तखभस्य भूयमहतो योज्यस्तनौ द्विच्युतो
बन्धौ तेऽपि च साङ्गभास्तनुमुखाः सन्धिर्द्वियोगोऽर्धितः ।
शून्यं सन्धिषु भावगेऽखिलफलं स्याद्भावसन्ध्यन्तरे-
णाप्तं सन्धिखगान्तरं क्षयचयं भावाधिकेऽल्पे खगे ।। ३ ।।

अन्वयः– व्यस्तखभस्य त्र्यंशः भूयमहतः तनौ योज्यः, त्र्यंशो द्विच्युतः भूयमहतो बन्धौ योज्यः । तेऽपि च साङ्गभाः तनुमुखा भवन्तीति शेषः, द्वोयोगोऽर्धितः सन्धिः, स्यात् । सन्धिषु शून्यं फलम्, भावगे अखिलफलम्, स्यात् । भावाधिकेऽल्पे खगे सन्धिखगान्तरं भावसन्ध्यन्त रेणाप्तं क्षयचयं फलं भवतीति भावः ।

व्याख्या–व्यस्तखभस्य = सप्तमभावोनदशमभावस्य, त्र्यंशः= तृतीयांश, द्विष्ठः = स्थानद्वये स्थाप्यः, भूयमहतः = एकत्रैकेनान्यत्र द्वाभ्यां गुणित इत्यर्थः । पृथक्-पृथक् स तनौ = लग्ने योज्यस्तदा क्रमेण द्वितीयतृतीयभावौ भवतः । एवं स एव त्र्यंशो द्विच्युतः = द्वाभ्यां विशुद्धः भूयमहतः = एकत्रैकेनान्यत्र द्वाभ्यां गुणितः पृथक्-पृथक् बन्धौ = चतुर्थभावे योज्यस्तदा क्रमेण पञ्चमषष्ठभावौ भवतः । तेऽपि च क्रमेणागता द्वितीय-पञ्चम-षष्ठभावाः साङ्गभाः = षड्राशि सहिताः क्रमेणाष्टमनवमैकादशद्वादशभावाः सिध्यन्ति । एवं तनुमुखाः = तन्वादयो द्वादशभावाः जायन्ते ।

द्वियोगोऽर्धित: = द्वयोरासन्नवर्तिभावयोर्योगोऽर्धित: सन्धिर्भवति । स एव पूर्वभावस्य विरामसन्धिरग्रिमभावस्यारम्भसन्धि: स्यादित्यर्थ: ।

फलविचार:–सन्धिषु स्थिते ग्रहे शून्यम् = शून्यसमं फलम्, भावगे = भावतुल्ये ग्रहे, अखिलफलं = पूर्णफलं रूपमितं स्यात् । भावाधिकेऽल्पे खगे सति सन्धिखगान्तरम् = सन्धिग्रहान्तरम्, भावसन्ध्यन्तरेणाप्तम् = भावसन्ध्यन्तरेण भक्तम्, फलं क्रमात् क्षयचयं भवति । अर्थात् भावतोऽधिके ग्रहे 'विरामसन्धिखगान्तरं विरामसन्धिभावान्तरेण भक्तं फलं क्षयं भवति । एवं भावतोऽल्पे ग्रहे आरम्भसन्धिग्रहान्तरमारम्भसन्धिभावान्तरेण भक्तं फलं चयं भवतीति भाव: ।

उपपत्ति:–प्रथमचतुर्थभावयोरन्तरस्य तुल्यास्त्रयो विभागा: क्रान्तिवृत्तेद्वितीयस्त्रयो भावा: भवन्ति । एवमेव चतुर्थसप्तमभावयोरन्तरस्य तुल्यास्त्रयो विभागा: क्रान्तिवृत्ते पञ्चमादयस्त्रयो भावा: दशमप्रथमभाव योरन्तरे चकादशादयस्त्रयो भावा भवन्तीति प्राचीनानां सिद्धान्त: । अत एव लग्नचतुर्थभावयोरन्तरस्य त्रिभागेन

$$= \frac{\text{च० भा०–ल०}}{३} = \frac{६+\text{ च० भा०–ल०–६}}{३}$$

$$= \frac{६+\text{ च० भा०–(६+ल०)}}{३} = \frac{\text{दशमभा०–सप्तमभा०}}{३}$$

अनेनैकगुणितेन युतं लग्नं द्वितीयभावो भवति, द्विगुणितेन च युतं लग्नं तृतीयभावो भवत्येव । तथा च चतुर्थसप्तमभावयोरन्तरस्य त्रिभागेन—

$$= \frac{\text{(स० भा०–च० भा०)}}{३} = \frac{६–६+\text{ स० भा०–च० भा०}}{३}$$

$$= \frac{६–\text{(च० भा० + ६–स० भा०)}}{३} = २–\frac{\text{(द० भा० – स० भा०)}}{३}$$

अनेनैकगुणितेन युतो चतुर्थभाव: पञ्चमभावो द्विगुणितेन च युतो षष्ठभाव: स्यादेव। तत्र वृत्तयो: सम्पातद्वयस्य षड्भान्तरे स्थितत्वात् द्वितीयादयो भावा:

साङ्गभा अष्टमादयो भावाः स्युः । तत्र भावद्वयान्तरस्य मध्यबिन्दुरेव सन्धिस्थानं तेन तस्य राश्यादिप्रमाणम् =

$$\text{प्र० भा०} + \frac{\text{द्वि० भा०} - \text{प्र० भा०}}{२} = \frac{\text{प्र० भा०} + \text{द्वि० भा}}{२}$$

अतः 'सन्धिर्द्वियोगोऽर्धितः" इत्युपपद्यते । अथ भावफलानयने युक्तिः—

''भावप्रवृत्तौ हि फलप्रवृत्तिः पूर्णं फलं भावसमांशकेषु ।
ह्रासः क्रमाद्भावविरामकाले फलस्य नाशः कथितो मुनीन्द्रैः ।।

इति प्राचीनाचार्याणां वचनप्रामाण्यात् आरम्भसन्ध्यग्रतो भावप्रवृत्तिर्भवति, तत एव फलस्यापि प्रवृत्तिर्जायते । ततः क्रमेण फलस्य वृद्धिर्भवति । भावतुल्ये ग्रहे फलं रूपमितं जायते । तत्र सन्धिग्रहान्तरमपि परमं भवति, अर्थात् भावसन्ध्यन्तरतुल्यं सन्धिग्रहान्तरं जायते । ततः क्रमेण फलस्य ह्रासो जायते । तत्र विरामसन्धितुल्ये ग्रहे फलस्य नाशस्तत्र सन्धिग्रहान्तरमपि शून्यसमं भवत्यतस्तत्र सन्धिखगान्तरवशेनैव फलस्य वृद्धिह्रासौ सिद्धौ । अतो अनुपातवशेनेष्टस्थाने भावफलं जायते । तत्रानुपातो यथा–यदि भावसन्ध्यन्तरतुल्यसन्धिग्रहान्तरेण परमं फलं रूप (१) मितं लभ्यते तदेष्टसन्धिग्रहान्तरेण किमितीष्टस्थाने भावफलम्—

$$= \frac{१ \times (\text{सं०} \sim \text{ग्र})}{\text{भा} \sim \text{सं०}} = \frac{\text{सं०} \sim \text{ग्र०}}{\text{भा} \sim \text{सं०}}$$

अत उपपन्नं सर्वम् ।

हि० टी०–दशम भाव में सप्तम भाव को घटाकर शेष का तृतीयांश लग्न में जोड़ने से द्वितीयभाव और द्विगुणिततृतीयांश लग्न में जोड़ने से तृतीय भाव होता है । इसी तृतीयांश को दो राशि में घटाकर शेष को चतुर्थभाव में जोड़ने से पञ्चमभाव और द्विगुणित शेष को चतुर्थभाव में जोड़ने से षष्ठभाव होता है । इस तरह २, ३, ५, ६ भाव सिद्ध होते हैं । इनमें ६ राशि जोड़ने से अष्टम, नवम एकादश एवं द्वादशभाव सिद्ध होते हैं । इस प्रकार तन्वादि द्वादशभाव स्पष्ट होते हैं ।

समीपवर्ती दो भावों के योग का आधा पूर्व भाग की विराम सन्धि एवं अग्रिम भाव की आरम्भ सन्धि होती है ।

सन्धि के तुल्य ग्रह रहने पर ग्रह का फल शून्य होता है और भाव के तुल्य ग्रह रहने पर पूर्ण फल अर्थात् १ के तुल्य फल होता है । यदि अभीष्टकाल में फल ज्ञान करना हो तो भाव से अधिक ग्रह रहने पर विराम सन्धि और ग्रहान्तर को विराम सन्धि और भाव के अन्तर से भाग देने पर जो लब्धि हो उसे (१) एक में घटाने से शेष तुल्य फल होता है । इसी प्रकार यदि भाव से अल्प ग्रह हो तो आरम्भसन्धि और ग्रह के अन्तर में आरम्भ सन्धि और ग्रह के अन्तर में आरम्भ सन्धि और भाव के अन्तर से भाग देने से जो लब्धि हो उसे १ में घटाने से शेष तुल्य फल होता है ।

उदाहरण—

$$\frac{\text{द०भा०}-\text{स० भा}}{३} = \frac{३।१६^{\circ}।४१'।२६''-०।१४^{\circ}।१२'।३०''}{३}$$

१।०°।४९'।३८"।४०'",१।०°।४९'।३८"।४०"×२

= ०२।०१°।३९'।१७"।२०'"

२ राशि–१।०।४९।३८।४० = ०।२९°१०'।२१"।२०'"

०।२९°१०'।१२"।२०"×२ = १।२८°२०'।४२"।४०'"

द्वितीयभाव = ६।१४°।१२'।३०"+

१।०°।४९'।३८'।४०'" = ७।१५°।२'।८"।४०'"

तृतीयभाव = ६।१४°।१२'।३०"+

२।१०।३९'।१७"।२०' = ८।१५।५१।४७।२०

पञ्चमभाव = ९।१६।४१।२६+०।२९°।२०"।२१।२०

= १०।१५०।५१'।४७।२०

षष्ठभाव=९।१६।४१।२६+१।१८।२०।४२।४०

=११।१५०।२'।८"।४०

सिद्ध लग्नादि षष्ठ भावों में ६ राशि जोड़ने से क्रमशः सप्तमादिव्यभाव सिद्ध होगें ।

$$\frac{\text{लग्न + द्वितीय भाव}}{२} = \frac{६।१४।१२।३०+ ७।१५।२।८।४०}{२}$$

= (१३।२९।१४।३८।४०) ÷ २ = ६।२९।३७।२९।२० = सन्धि:

$$\frac{\text{द्वि० भा० + तृ० भा०}}{२} = \frac{७।१५।२।८।४० + ८।१५।५१।४७।२०}{२}$$

= (१६।०।५३।५६) ÷ २ = ८।०।२६।५८ सन्धि:

$$\frac{\text{तृ० भा० + च० भा०}}{२} = \frac{८।१५।५१।५७।२० +९।२६।४१।२६}{२}$$

= (१८।२।३३।१३।२०) ÷ २ = ९।१।१६।३६।४० सन्धि:

$$\frac{\text{च० भा० + प० भा०}}{२} = \frac{९।१६।४१।२६ + १०।१५।५१।४७।२०}{२}$$

= (२०।२।३३।१३।२०) ÷ २ = १०।१।१६।३६।४० सन्धि:

$$\frac{\text{प० भा० + ष० भा०}}{२} = \frac{१०।१५।५१।४७।२० + ११।१५।२।८।४०}{२}$$

= (२२।०।५३।५६) ÷ २ = ११।०।२६।४८ सन्धि:

$$\frac{\text{ष० भा० + स० भा०}}{२} = \frac{११।१५।२।८।४० + ०।१४।१२।३०}{२}$$

= (२३।२९।१४।३८।४०) ÷ २ = ११।२९।३७।१९।२० सन्धि:

इस प्रकार लग्न से षष्ठ भाव की विराम सन्धि पर्यन्त भाव की सन्धियां सिद्ध हुई। लग्नादि षष्ठभाव पर्यन्त सन्धियों में क्रमश: ६ राशि जोड़ने से सप्तमादि भावों की सन्धियाँ होगीं । अथवा समीपस्थ भावों के योगार्द्ध तुल्य सन्धिमान सिद्ध ही है।

स्पष्टार्थ सिद्धससन्धयो द्वादशभावाः

तनु	धन	सहज	सुख	सुत	रिपु	जाया	आयु	धर्म	कर्म	आय	व्यय	भाव
०६	०७	०८	०९	१०	११	००	०१	०२	०३	०४	०५	रा०
१४	१५	१५	१६	१५	१५	१४	१५	१५	१६	१५	१५	अं०
१२	०२	५१	४१	५१	०२	१२	०२	५१	४१	५१	०२	क०
३०	०८	४७	२६	४७	०८	३०	०८	४७	२६	४७	०८	वि०
००	४०	२०	००	२०	४०	००	४०	२०	००	२०	४०	प्र०
सं०	सं०	सं०	सं०	सं०	सं०	सं०	सं०	सं०	सं०	सं०	सं०	सन्धयः
०६	०८	०९	१०	११	११	००	०२	०३	०४	०५	०५	रा०
२९	००	०१	०१	००	२९	२९	००	०१	०१	००	२९	अं०
३७	२६	१६	१६	२६	३७	३७	२६	१६	१६	२६	३७	क०
१९	५८	३६	३६	५८	१९	१९	५८	३६	३६	५८	१९	वि०
२०	००	४०	४०	००	२०	२०	००	४०	४०	००	२०	प्र०

अथ ग्रहाणां दृष्टिसाधनम् —

खैकाग्निद्विखवेदरामयमभूखाभ्राभ्रमेकादिभे
द्रष्ट्रा वर्जितदृश्यकस्य गुरुणा चेदष्टवेदे कृताः ।
मन्देनाङ्क्यमेऽसृजा नगगुणेऽङ्काभादिजाः संस्कृता
भागघ्नक्षयवृद्धिखाननललवेनाब्ध्युद्धृता दृग् भवेत् ।। ४ ।।

अन्वयः– द्रष्ट्रा वर्जितदृश्यकस्य एकादिभे 'शेषे' खैगाग्निद्विखवेदरामयमभूखाभ्राभ्रं भादिजाः अङ्काः भवन्ति । गुरुणा वर्जितदृश्यकस्याष्ट वेदे कृताः दृष्टिध्रुवाङ्काः, मन्देन वर्जितदृश्यकस्याङ्क्यमे च शेषे कृता दृष्टिध्रुवाङ्का भवन्ति । ते भादिजा अङ्का भागघ्नक्षयवृद्धिखानललवेन संस्कृताः अब्ध्युद्धृता च दृग् भवेत् ।

व्याख्या– यः पश्यति स द्रष्टा । यो दर्शनार्हः स दृश्यः, दृश्य एव दृश्यकः । द्रष्ट्रा वर्जितदृश्यकस्य = द्रष्ट्रोनितस्य दृश्यस्य एकादिभे शेषे सति क्रमेण खैकाग्निद्विखवेदरामयमभूखाभ्राभ्रं (०, १, ३, २, ०, ४, ३, २, १, ०, ०, ०) भादिजा राशिसम्बन्धिनि अङ्का दृष्टिध्रुवाङ्का भवन्ति ।

यदि गुरुशनिकुजग्रहाः द्रष्टारस्तदा विशेषमाह–चेद् गुरुर्द्रष्टा तदा गुरुणा वर्जितस्य दृश्यकस्य अष्टवेदे अष्टमे चतुर्थे च कृताः चत्वारो दृष्टिध्रुवाङ्का ग्राह्या भवन्ति । यदि चेत् शनिर्द्रष्टा तदा मन्देन शनैश्चरेण वर्जितस्य दृश्यकस्याङ्कयमे (९, २) नवभे द्विभे च शेषे कृताः चत्वारो दृष्टिध्रुवाङ्का भवन्ति। तथा च यदि भौमो द्रष्टा तदा असृजा भौमेन वर्जितस्य नगगुणे (७,३) सप्तभे त्रिभे च शेषे कृताः = चत्वार एव दृष्टिध्रुवाङ्का भवन्ति । अन्याङ्कभे शेषे तु यथाक्रमं पूर्वोक्ता एव दृष्टिध्रुवाङ्का भवन्ति । ते भादिजाः = राशिजोऽङ्का भागघ्नक्षयवृद्धिखाननललवेन संस्कृताः अर्थात् यो हि भादिजोऽङ्कस्तस्माद्यद्यग्रिमाङ्कोऽल्पस्तदा तयोरन्तरं क्षयः, यदि चेदग्रिमाङ्कोऽधिकस्तदा तदन्तरं वृद्धिर्भवति । अतः शेषस्यांशादिगुणितक्षयवृद्धित्रिशांशेन क्रमादूनयुताः ते चाब्ध्युद्धृताः = चतुर्भक्तास्तदा दृग् भवेदिति ।

उप०–''पश्यन्ति सप्तमं सर्वे शनिजीवकुजाः पुनः ।

विशेषतश्च त्रिदशस्त्रिकोणश्चतुरष्टमान्" ।। इति नियमात् ग्रहाणां दृष्टिनिर्णयो भवति । तत्र द्रष्टृदृश्यग्रहयोरन्तरमेको राशिस्तदा द्रष्टुर्ग्रहात् दृश्यो द्वितीये राशौ भवति । तत्र दृष्टिः शून्यसमम् । एवमेव यदि द्रष्ट्रदृश्यग्रहयोरन्तरं द्वौ राशी तदा द्रष्ट्रग्रहात् दृश्यग्रहस्तृतीये भवति । तत्रैकचरणो दृष्टिः । यदि तयोरन्तरं राशित्रयं जायते तदा दृश्यस्य चतुर्थस्थानस्थितत्वात् त्रिचरणात्मिका दृष्टिः । एवमेव सर्वे दृष्टिध्रुवाङ्काः उपपद्यन्ते । अनया रीत्या उपरोक्तवचनानुरोधेन गुरोश्चतुरष्टराश्यन्तरे, शनेर्द्विनवराश्यन्तरे कुजस्य त्रिसप्तराश्यन्तरे पूर्ण दृष्टिश्चतुश्चरणात्मिका भवति । तत्र तेषां चत्वारो राशिजाङ्को ग्राह्यो भवतीति ।

सिद्धदृष्टिचरणचक्रम्

शेषराशिः	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
दृष्टिपादाङ्काः	०	१	३	२	०	४	३	२	१	०	०	०

दृष्टिसाधनोपपत्तिः—

दृश्यग्रहो द्रष्टुः स्थानात् कियदन्तरेणाग्रतो वर्तत इति ज्ञानार्थमेव द्रष्ट्रावर्जितो दृश्यः कार्यः । तत्र शेषराशिसङ्ख्याधःस्थोऽङ्को ग्राह्यो भवति । पुनः शेषांशादिभिश्चानुपातेन शेषसम्बन्धिफलमुपलभ्यते । तत्र यदि त्रिंशदंशैः गतैष्यान्तरतुल्यक्षयो वृद्धिर्वा लभ्यते तदा शेषांशैः किमिति शेषसम्बन्धिफलम् = $\frac{(\text{ग०} - \text{ए०}) \times \text{शेष}}{\text{३०}}$ अनेन फलेन गताङ्कः क्षयात्मकेन हीनः, वृद्ध्यात्मकेन च युक्तः कार्यस्तदा चरणात्मिका इष्टदृष्टिः सिध्यति । सा च चतुर्भक्ता रूपादिका भवतीति सर्वमुपपद्यते ।

हि० टी०– देखने वाला ग्रह द्रष्टा एवं जिस भाव या ग्रह को देखे उसे दृश्य कहते हैं । अतः जिस ग्रह की दृष्टि साधन अभीष्ट हो वह द्रष्टा और जिस पर दृष्टि विचार अभीष्ट हो वह दृश्य है । द्रष्टा ग्रह को दृश्य में घटाकर राशि स्थान में एकादि शेष वश क्रमशः ०, १, ३, २, ०, ४, ३, २, १, ०, ०, ० राशि के अंक होते हैं । राशिज अंक और अग्रिमराशि के अंक दोनों अंकों के अन्तर को शेष से गुणा कर गुणनफल में ३० का भाग देकर लब्धि को राशिज अंक में संस्कार (राशिज अंक से अग्रिमाङ्क अल्प हो तो क्षय और अधिक हो तो धन) करने से अभीष्ट राश्यादि सम्बन्धी अंक होता है । इसमें चारका भाग देने से लब्धि रूपादिक दृष्टि होती है ।

यदि गुरु द्रष्टा हो तो दृश्य में द्रष्टा का अन्तर करने पर राशि स्थान में ४ और ८ शेष रहने पर दृष्टिचरण ४ होता है । अर्थात् भादिज अंक ४ होगा । इसी प्रकार शनि द्रष्टा हो तो दृश्य और द्रष्टा का अन्तर २, ९ राशि रहने पर दृष्टि चरण ४ तथा मंगल द्रष्टा हो तो दृश्य और द्रष्टा का अन्तर ७, ३ राशि रहने पर दृष्टि चरण ४ होते हैं ।

उदा०—

द्रष्टा रवि = ५।१४।४३।२५, दृश्य चन्द्र = १।१२।५५।३६

१।२१।५५।३६ = दृश्यचन्द्र

५।१४।४३।२५ = द्रष्टारवि

८।७।१२।११ = दृश्य–द्रष्टा

यहाँ राशि = ८, भादिजोऽङ्क = २ ।

वर्तमान एवं अग्रिम अङ्क का अन्तर ऋण = १

पुनः अनुपात वश

$$\frac{१\times७।११।११}{३०} = ०।१४।२४$$

भादिज अंक $\frac{२-०।१४।२४}{४} = \frac{१।४५।३६}{४}$

चन्द्रमा पर रवि की दृष्टि = ०।२६।२४ ।

द्रष्टा रवि, दृश्य मंगल—

७।११।१४।२४–५।१४।४३।२५ = १।२६।३०।५९

राशि = १, भादिज अंक = ०, गतगम्यान्तर + १

$$\frac{१\times२६।३०।५९}{३०} = ०।५३।२$$

$$\frac{०+०।५३।२}{४} = \frac{०।५३।२}{४} = ०।१३।१५$$

मंगल के ऊपर सूर्य की दृष्टि = ०।१३।१५

द्रष्टा रवि, दृश्य बुध—

४।२९।२२।१२–५।१४।४३।२५ = ११।१४।३८।४७

राशि = ११, भादिज अंक = ०, अन्तर = ०

$$\frac{०\times१४।३८।४७}{३०} = ०।०।०$$

$$\frac{०+०।०।०}{४} = \frac{०।०।०}{४} = ०।०।०$$

बुध के ऊपर रवि की दृष्टि = ०

द्रष्टा रवि, दृश्य गुरु—

१०।१०।३८।३८–५।१४।४३।२५ = ४।२५।५५।१३

राशि = ४ भादिज = अंक २, अन्तर = – २

$\frac{२\times२५।५५।१३}{३०} = १।४३।४१$

$\frac{२-१।४३।४१}{४} = \frac{०।१६।२९}{४} = ०।४।५$

गुरु के ऊपर रवि की दृष्टि = ०।४।५

द्रष्टा रवि, दृश्य शुक्र—

५।७।१७।४–५।१४।४३।२५ = ११।२२।३३।३९

राशि = ११, भादिज अंक = ०, अन्तर = ०

भादिज अंक शून्य एवं अन्तर शून्य होने से अग्रिम क्रिया में लब्धि शून्य ही होगी । अत: शुक्र पर रवि की दृष्टि शून्य होगी ।

द्रष्टा रवि, दृश्य शनि—

४।२८।१४।२–५।१४।४३।२५ = ११।१३।३०।३७

राशि = ११, भादिज अंक = ०, अन्तर = ०

अग्रिम क्रिया करने पर लब्धि शून्य होने से शनि पर रवि की दृष्टि शून्य होगी ।

द्रष्टा चन्द्र, दृश्य रवि—

५।१४।४३।२५–१।२१।५५।३६ = ३।२२।४७।४९

राशि = ३, भादिज अंक = ३, अन्तर = – १

$\frac{२\times२२।४७।४९}{३०} = ०।४५।३६$

$\frac{३-०।४५।३६}{४} = \frac{२।१४।२४}{४} = ०।३३।३६$

सूर्य के ऊपर चन्द्र की दृष्टि = ०।३३।३६

द्रष्टा: चन्द्र, दृश्य मंगल—

७।११।१४।२४–१।२१।५५।३६ = ५।२९।१८।४८

राशि = ५, भादिज अंक = ०, अन्तर = +४

$\frac{४\times१९।१८।४८}{३०} = २।३४।३०$

$$\frac{०+२।३४।३०}{४} = \frac{२।३४।३०}{४} = ०।३८।३७$$

मंगल के ऊपर चन्द्र की दृष्टि = ०।३८।३७

द्रष्टा चन्द्र, दृश्य बुध—

४।२९।२२।१२ − १।२१।५५।३६ = ३।७।२६।३६

राशि = ३, भादिज अंक = ३, अन्तर = − १

$$\frac{१×७।२६।३६}{३०} = ०।१४।५३$$

$$\frac{३−०।१४।५३}{४} = \frac{२।४५।७}{४} = ०।४१।१७$$

बुध के ऊपर चन्द्र की दृष्टि = ०।४१।१७

द्रष्टा चन्द्र, दृश्य गुरु—

१०।१०।३८।३८ − १।२१।५५।३६ = ८।१८।४३।२

राशि = ८, भादिज अंक = २, अन्तर = − १

$$\frac{१×१८।४३।२}{३०} = ०।३७।२६$$

$$\frac{२−०।३७।२६}{४} = \frac{१।२२।३४}{४} = ०।२०।३८$$

गुरु के ऊपर चन्द्र की दृष्टि = ०।२०।३८

द्रष्टा चन्द्र, दृश्य शुक्र—

५।७।१७।४ − १।२१।५५।३६ = ३।१५।२१।२८

राशि = ३, भादिज अंक = ३, अन्तर = − १

$$\frac{१×१५।२१।२८}{३०} = ०।३०।४३$$

$$\frac{३−०।३०।४३}{४} = \frac{२।२९।१७}{४} = ०।३७।१९$$

शुक्र के ऊपर चन्द्र की दृष्टि = ०।३७।१९

द्रष्टा चन्द्र, दृश्य शनि—

४।२८।१४।२ – १।२१।५५।३६ = ३।६।१८।२६

राशि = ३, भादिज अंक = ३, अन्तर = – १

$$\frac{१\times६।१८।२६}{३०} = ०।१२।३७$$

$$\frac{३-०।१२।३७}{४} = \frac{२।४७।२३}{४} = ०।४१।५१$$

शनि के ऊपर चन्द्र की दृष्टि = ०।४१।५१

द्रष्टा मंगल, दृश्य रवि—

५।१४।४३।२५ – ७।११।१४।२४ = १०।३।२९।१

राशि = १०, भादिज अंक = ०, अन्तर = ०

अग्रिम क्रिया करने पर लब्धि फल शून्य होगा । अत: रवि पर मंगल की दृष्टि शून्य होगी ।

द्रष्टा मंगल, दृश्य चन्द्र—

१।२१।५५।३६ – ७।११।१४।२४ = ६।१०।४१।१२

राशि = ६, भादिज अंक = ४, अन्तर = ०

$$\frac{०\times१०।४१।१२}{३०} = ०।०।०$$

$$\frac{४+०।०।०}{४} = \frac{४}{४} = १$$

चन्द्र के ऊपर मंगल की दृष्टि = १

द्रष्टा मंगल, दृश्य बुध—

४।२९।२२।१२ – ७।११।१४।२४ = ९।१८।७।४८

राशि = ९, भादिज अंक = १, अन्तर = – १

$$\frac{१\times१८।७।४८}{३०} = ०।३६।१६$$

$$\frac{१-०।३६।१६}{४} = \frac{०।२३।४४}{४} = ०।५।५६$$

अत: बुध के ऊपर मंगल की दृष्टि = ०।५।५६

द्रष्टा मंगल, दृश्य गुरु—

१०।१०।३८।३८ – ७।११।१४।२४ = २।२९।२४।१४

राशि = २, भादिज अंक =१, अन्तर = + ३

(तीन एवं सात राशि शेष पर मंगल की दृष्टि ४ चरण होती है ।अत: अन्तर + ३ होगा)

$$\frac{३\times२९।२४।२४}{३०} = २।५६।२५$$

$$\frac{१+२।५६।२५}{४} = \frac{३।५६।२५}{४} = ०।५९।६$$

गुरु के ऊपर मंगल की दृष्टि = ०।५९।६

द्रष्टा मंगल, दृश्य शुक्र—

५।७।१७।४ – ७।११।१४।२४ = ९।२६।२।४०

राशि = ९, भादिज अंक =१, अन्तर = – १

$$\frac{१\times२६।२।४०}{३०} = ०।५२।५$$

$$\frac{१-०।५२।५}{४} = \frac{०।७।५५}{४} = ०।१।५६$$

शुक्र के ऊपर मंगल की दृष्टि = ०।१।५९

द्रष्टा मंगल, दृश्य शनि—

४।२८।१४।२ – ७।११।१४।२४ = ९।१६।५९।३८

राशि =९, भादिज अंक = १, अन्तर = –१

$$\frac{१\times१६।५९।३८}{३०} = ०।३३।५९$$

$$\frac{१-०।३३।५९}{४} = \frac{०।२६।१}{४} = ०।६।३०$$

शनि के ऊपर मंगल की दृष्टि = ०।६।३०

द्रष्टा बुध, दृश्य रवि—

५।१४।४३।२५ – ४।२९।२२।१२ = ०।१५।२१।१३

राशि = ० = १२, भादिज अंक = ०, अन्तर = ०

अग्रिम क्रिया करने पर फल शून्य होगा । अत: रवि के ऊपर बुध की दृष्टि शून्य होगी ।

द्रष्टा बुध, दृश्य चन्द्र—

१।२१।५५।३६ – ४।२९।२२।१२ = ८।२२।३३।२४

